# वीयू –वेटनरी में इंटरक्लास स्पोर्ट्स, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव "अनुभूति–2025" का भव्य शुभारंभ






जबलपुर। 17–23 दिसंबर 2025 नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (NDVSU), जबलपुर के पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में 17 से 23 दिसंबर 2025 तक आयोजित इंटरक्लास वार्षिक स्पोर्ट्स, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव "अनुभूति–2025" का भव्य शुभारंभ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस सप्ताहभर चलने वाले महोत्सव में खेल, साहित्य और संस्कृति के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को केंद्र में रखा गया है।

कार्यक्रम का उद्घाटन तग ऑफ वॉर (रस्साकशी) प्रतियोगिता के साथ किया गया, जिसने आयोजन में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि माननीय कुलपति, NDVSU, जबलपुर प्रोफेसर (डॉ.) मनदीप शर्मा रहे। इस अवसर पर अधिष्ठाता, छात्र कल्याण डॉ. आदित्य मिश्रा, अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. राजेश कुमार शर्मा, विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे। इस सप्ताहभर चलने वाले महोत्सव का सफल आयोजन खेल प्रभारी अधिकारी डॉ. ब्रजेश सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं समन्वय में, डॉ. शशि प्रधान, डॉ. रणबीर सिंह जाटव, डॉ. शिल्पा गजभिये, डॉ. अमिता़ तिवारी एवं डॉ. डी.के. गुप्ता के सक्रिय सहयोग से किया जा रहा है।



स्वागत भाषण में वक्ता ने अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि "अनुभूति–2025" केवल प्रतियोगिताओं का मंच नहीं, बल्कि अनुभव, अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता के विकास का उत्सव है। उन्होंने खेलों की शारीरिक एवं मानसिक सुदृढ़ता में भूमिका तथा साहित्यिक–सांस्कृतिक गतिविधियों द्वारा रचनात्मकता और संवेदनशीलता के संवर्धन पर प्रकाश डाला।

महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों के लिए क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, कैरम, एथलेटिक्स, खो–खो, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कबड्डी और बास्केटबॉल सहित विविध खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं। इसके साथ ही साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ भी विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा अभिव्यक्त करने का सशक्त अवसर प्रदान कर रही हैं।

अपने संबोधन में माननीय कुलपति ने विद्यार्थियों को खेल भावना, अनुशासन और सहभागिता के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं, जो भविष्य में उनके व्यक्तित्व निर्माण में सहायक सिद्ध होते हैं।



आयोजन समिति, खेल अधिकारियों, शिक्षकगण और स्वयंसेवकों के समन्वित प्रयासों से "अनुभूति–2025" को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। महोत्सव के आगामी दिनों में विभिन्न प्रतियोगिताओं के रोमांचक मुकाबले और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ परिसर को उत्सवमय बनाए रखेंगी।

"अनुभूति–2025" से विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, अनुशासन और रचनात्मकता को प्रोत्साहन मिलने की अपेक्षा है, जिससे यह आयोजन महाविद्यालय के वार्षिक कैलेंडर का एक यादगार और प्रेरणादायी अध्याय सिद्ध होगा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि. जबलपुर